# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार

4 जुलाई 2026, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, पंचमी, विक्रम सम्वत 2083, बरेली

PAGE NO.5 : MIDDLE


## एसआरएमएस ब्लू ने एमपीएस को हराया

**बरेली।** मोहनपुर रोड स्थित मनीष क्रिकेट अकादमी में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट कप के रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस ब्लू ने एमपीएस क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपीएस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर में 207 रन बनाया। टीम की ओर से आयान सुधाकर ने 94 रन बनाए। जवाब मे एसआरएमएस ब्लू ने 29 .4 ओवर में छह विकेट खोकर जीत दर्ज की। अंशुमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि आयान सुधाकर को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।